ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 12:12 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 मई 2025
वर्ष 6, अंक 185, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

**PAGE NO : 05 MIDDLE**

# तेजी से बढ़ रही गैस्ट्रो संबंधी बीमारियां, समय पर जांच जरूरी



वर्कशॉप में अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** गैस्ट्रो एंटरोलॉजी के क्षेत्र में चिकित्सकों की जानकारी बढ़ाने और प्रैक्टिकल कुशलता के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) पर रविवार को एक दिवसीय वर्कशॉप हुई। मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रो एंटरोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित वर्कशॉप में एकेडमिक लेक्चर, लाइव सर्जरी के साथ प्रैक्टिकल प्रशिक्षण के सेशन हुए।

बतौर मुख्य अतिथि गाजियाबाद के गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट डॉ. संजय गर्ग ने ईयूएस की एबीसी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में गैस्ट्रो संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इनमें इससे संबंधित कैंसर भी एक है। ऐसे में हम सबको इस क्षेत्र में हो रहे शोधों और अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी जरूरी है। एसआरएमएस आईएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने कहा कि एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड पर हो रही रुहेलखंड रीजन की इस पहली वर्कशॉप से इस फील्ड के चिकित्सकों को निसंदेह लाभ होगा और इसका फायदा मरीजों को भी मिलेगा। इससे पहले वर्कशॉप की शुरुआत में आयोजन समिति की आर्गनाइजिंग चेयरमैन एवं जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. स्मिता गुप्ता ने सभी का स्वागत कर वर्कशॉप के बारे में जानकारी दी।

अंत में आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. शिवम गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्कशॉप में प्रमुख रूप से जीएमसी हल्द्वानी के गैस्ट्रो एंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एससी जोशी, डीन पीजी डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. राजीव टंडन, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. नम्रता सिंह, डॉ. वत्स गुप्ता के साथ-साथ बरेली, हल्द्वानी और मुरादाबाद के कई गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट शामिल रहे।